Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

▫ वर्ष- 28 ▫ अंक- 30 ▫ रायपुर, शनिवार 22 फरवरी 2025 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • बिलासपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## साय कैबिनेट की बैठक शुरू, बजट सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा



**रायपुर,** 22 फरवरी (हाईवे चैनल)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में मंत्रिपरिषद की बैठक मंत्रालय महानदी भवन में शुरू हो गई है. बैठक में आगामी बजट को लेकर चर्चा के अलावा अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा जारी है।

## अच्छे इन्वेस्टर्स से इकोनॉमी में होगा फायदा : ओ.पी. चौधरी



### छत्तीसगढ़ में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट को लेकर वित्त मंत्री ने दिया बयान

**रायपुर,** 22 फरवरी (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के आयोजन को लेकर वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने बड़ा बयान दिया है. बता दें, मध्यप्रदेश में इन दिनों जीआईएसयानी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट जारी है. छत्तीसगढ़ में भी जीआईएस के आयोजन को लेकर मीडिया के सवाल पर उन्होंने कहा कि एक बड़ा इवेंट कर दें और एक्कुअल इन्वेस्टमेंट कुछ ना हों तो कोई फायदा नहीं है. इन्वेस्टमेंट आउटकम ओरिएंटेड होना ज्यादा जरूरी है. सरकार की कोशिश है अच्छे इन्वेस्टर आ जाएं, इससे इकोनॉमी को बड़ा फायदा होगा.

वित्त मंत्री चौधरी ने आगे कहा कि सीएम साय और उद्योग मंत्री दिल्ली मुम्बई से निवेश लेकर आए हैं. छत्तीसगढ़ में 1 लाख करोड़ से अधिक का इन्वेस्टमेंट आने की प्रक्रिया चल रही है. नया रायपुर में सेमीकंडक्टर फार्मास्यूटिकल हब बनेगा. एक साल में अलग-अलग सेक्टरों में काम दिखना शुरू हो जाएगा. इसके बाद लड्डू करेंगे तो ज्यादा लाभ मिलेगा.

## 50 साल पुराना आकाशवाणी का टावर गिरा, रेडियो पर प्रसारण ठप

**जगदलपुर,** 22 फरवरी (हाईवे चैनल)। बस्तर में आज बड़ा हादसा होते-होते बच गया. जिले के तेली मारेगा में आकाशवाणी केंद्र है, जहां प्रसारण के लिए 150 मीटर ऊंचा टावर लगा हुआ है. करीब 50 साल पहले स्थापित ये टावर काफी जर्जर स्थिति में था, जिसके कारण यह टावर शुक्रवार की दोपहर अचानक गिर गया. हालांकि उस वक्त आसपास कोई कर्मचारी और ग्रामीण नहीं थे, जिसके चलते एक बड़ा हादसा टल गया. इस घटना के बाद इलाके में रेडियो पर प्रसारण बंद हो गया है. बता दें कि करीब 50 साल पहले 1970 में तेली मारेगा में प्रसारण केंद्र की स्थापना की गई थी. इसी वक्त यहां टावर लगाया गया था, जिसके जरिए दूरदर्शन और आकाशवाणी का प्रसारण होता है. ये टॉवर काफी जर्जर हो गया था, लेकिन प्रशासन ने लापरवाही बरतते हुए इस टॉवर को ना ही हटाया।

## बोलेरो पलटने से 15 घायल, 9 गंभीर



### छट्ठी कार्यक्रम से लौटने के दौरान हुआ हादसा

**गरियाबंद,** 22 फरवरी (हाईवे चैनल)। जिले में तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला, जहां बोलेरो अनियंत्रित होकर पलट गई, जिससे 15 लोग घायल हो गए. इस हादसे में 9 लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है. गंभीर घायलों को रायपुर रेफर किया गया है. बताया जा रहा कि छट्ठी कार्यक्रम से परिवार लौट रहा था, तभी ये हादसा हुआ.

जानकारी के मुताबिक, छट्ठी कार्यक्रम में ग्राम बोरसी के लोग गरियाबंद के देवभोग के पास स्थित कोकड़ीमाल गांव रिश्तेदारी में गए थे. वापसी के समय काश नाले पर रात में ड्राइवर को मोड़ समझ में नहीं आया, जिसके चलते बोलेरो पिकअप नदी में पलट गई. इस हादसे में वाहन में सवार सभी 15 लोग घायल हुए हैं. 9 लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है, जिन्हें रायपुर रेफर किया गया है. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और जिला प्रशासन की टीम मौके परर पहुंची, लेकिन, उस समय हादसे को काफी देर हो गया था. हालांकि नगर के युवकों ने गरियाबंद से 6 किलोमीटर दूर पहुंचकर घायलों को वाहनों से गरियाबंद अस्पताल लाकर भर्ती करा दिया था.

## महाकुंभ जा रहे श्रद्धालुओं की कार पुलिया से टकराई, 2 की मौत, 3 की हालत गंभीर



**कोंडागांव,** 22 फरवरी (हाईवे चैनल)। प्रयागराज जा रहे श्रद्धालुओं की कार पुलिया से टकरा गई. इस हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई. वहीं तीन की हालत गंभीर है. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची. घायलों को 108 की मदद से फरसगांव अस्पताल लाया गया. यह हादसा नेशनल हाईवे 30 पर फरसगांव थाना क्षेत्र के बड़े मोड़ के पास हुआ. जानकारी के मुताबिक, एक्सयूवी में 6 लोग सवार होकर बेंगलुरू से प्रयागराज जा रहे थे. इस दौरान केशकाल क्षेत्र के बड़े मोड़ के पास कार पुलिया से टकरा गई. इस हादसे में दो लोगों की मौत हो गई. वहीं गंभीर रूप से घायल तीन लोगों को 108 एंबुलेंस की मदद से फरसगांव अस्पताल लाया गया. बताया जा रहा कि सभी एक ही परिवार के हैं और बेंगलुरू के रहने वाले हैं.

### त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव का कल अंतिम चरण

## नक्सल इलाकों में हेलीकॉप्टर से भेजी गई पोलिंग पार्टी



**सुकमा,** 22 फरवरी (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ में त्रिस्तरीय चुनाव के दो चरण पूरे हो गए हैं. अब तीसरे चरण के लिए 23 फरवरी को वोटिंग होगी. सुकमा जिले के नक्सल प्रभावित इलाकों में चुनाव संपन्न कराने के लिए हेलीकॉप्टर से पोलिंग पार्टी भेजी गई हैं. इस इलाके के लोग गांव की सरकार चुनने के लिए वोट डालेंगे. त्रिस्तरीय पंचायत के तीसरे और अंतिम चरण के लिए कोंटा ब्लॉक में प्रशासनिक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं. सुकमा जिले का ये ब्लॉक धुर नक्सल प्रभावित है. यहां चुनाव करवाना प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती है. ऐसे में इस बार फिर से मतदान करवाने के लिए पोलिंग पार्टी को हेलीकॉप्टर से भेजा गया है. कोंटा के रिटर्निंग ऑफिसर गिरीश निंबालकर ने बताया कि नक्सल प्रभावित इलाके के 18 मतदान केंद्रों में हेलीकॉप्टर से पोलिंग पार्टी भेजी गई है. 23 फरवरी को कोंटा ब्लॉक में पंचायत चुनाव होना है. यहां ग्रामीण पंच, सरपंच, जनपद पंचायत के सदस्य और जिला पंचायत सदस्य चुनने के लिए वोट देंगे.

## मराठी सम्मेलन में पीएम मोदी ने शरद पवार को सम्मान के साथ कुर्सी पर बैठाया, पानी भी दिया




**नई दिल्ली,** 22 फरवरी (न्यूज चैनल)। एक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद चंद्र पवार) प्रमुख शरद पवार के बीच शानदार जुगलबंदी देखने को मिली। इस दौरान दोनों के बीच काफी देर तक अहम बातचीत हुई। पीएम मोदी ने सम्मानपूर्वक शरद पवार को कुर्सी पर बैठाया। उन्होंने पवार के लिए कुर्सी पीछे की और फिर उन्हें आराम से उस पर विराजमान किया। इसके बाद उन्होंने बोतल से पानी निकालकर शरद पवार के सामने रखे गिलास को भरा। इसे देखकर वहां मौजूद गणमान्य अतिथियों ने जमकर तालियां बजाईं।

